दिन– मंगलवार

दिनांक– 13 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.48 बजे से।

अवधि – 10 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सके।

02. केंद्र सरकार ने कहा – भारत जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ बातचीत सिर्फ पाक–अधिकृत जम्मू कश्मीर पर ही होगी।

03. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू में तैनात सीवान के बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव निवासी भारतीय सेना के जवान रामबाबू सिंह शहीद।

04. और, ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आम लोगों को जानकारी देने के लिए आज से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी तिरंगा यात्रा शुरू।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सके। उन्होंने कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। पंजाब के आदमपुर वायुसेना स्टेशन पर वायु सेना के जवानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया है और एक सौ से अधिक आतंकवादियों का सफाया कर दिया है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि आतंक का अब एक ही परिणाम होगा विनाश और महाविनाश।

———बाइट———

इससे पहले प्रधानमंत्री ने आदमपुर वायुसेना केंद्र पर जवानों के साथ बातचीत की और उनका मनोबल बढ़ाया।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। आज विदेश मंत्रालय की प्रेस वार्ता में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर

जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान के साथ बातचीत सिर्फ पाक–अधिकृत जम्मू कश्मीर पर ही होगी। उन्होंने कहा कि भारत–पाकिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष को रोकने के लिए पाकिस्तान ने गुजारिश की थी। श्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि भारत और अमरीका के बीच सिर्फ सैन्य गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई थी। व्यापार संबंधी मुद्दों को लेकर दोनों देशों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई।

---

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में जम्मू में तैनात भारतीय सेना के जवान सीवान निवासी रामबाबू सिंह शहीद हो गये। नौ मई को सीमा पार से हुई गोलाबारी में वे गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। वे बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव के रहने वाले थे। उनकी शहादत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी संवेदना जताई है।

---

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव पहुंचकर बीएसएफ के शहीद एसआई मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद के परिजनों से भेंट की और उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को पचास लाख रूपये का चेक सौंपा। इसमें इक्कीस लाख रूपये राज्य सरकार की ओर से और उनतीस लाख रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष से दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने शहीद के पुत्र को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी देने और चिंतामनगंज पुल से रहमपुर बाजार तक दो किलोमीटर ग्रामीण पथ का नामकरण शहीद मोहम्मद इम्तियाज के नाम पर करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने शहीद इम्तियाज के स्मारक का निर्माण, शहीद द्वार तथा नारायणपुर गांव में एक नए स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण करवाने की भी घोषणा की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। मोहम्मद इम्तियाज दस मई को पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद हो गए थे।

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद भाजपा ने आज से देशभर में ग्यारह दिवसीय तिरंगा यात्रा की शुरूआत की है। यात्रा के दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व में सैन्य बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। तेईस मई तक चलने वाली इस यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक और सामाजिक संगठन शामिल हो रहे हैं। बिहार में कल से इस अभियान की शुरूआत होगी।

———————————————————————

सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। दोनों ही परीक्षाओं में लड़कियों ने बाजी मारी है। बारहवीं की परीक्षा में अट्ठासी दशमलव तीन–नौ प्रतिशत और दसवीं की परीक्षा में तिरानवे दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। दसवीं में बिहार जोन के इक्यानवे दशमलव सात–आठ और बारहवीं में उनासी प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार ने अब तक पच्चीस पदक जीते हैं। इनमें चार स्वर्ण, दस रजत और ग्यारह कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में राज्य सोलहवें स्थान पर है। आज बिहार के प्रिंस कुमार ने सौ मीटर और पीयूष राज ने चार सौ मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। महाराष्ट्र सैंतीस स्वर्ण समेत सत्तानवे पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर बना हुआ है।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पटना, गया, जहानाबाद और वैशाली जिले में गर्म दिवस की स्थिति बनी रही। पिछले चौबीस घंटों के दौरान मोतिहारी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां का अधिकतम तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान औसत तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। वहीं, अगले चौबीस घंटों में राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – पाकिस्तान में अब कोई ऐसी जगह नहीं बची है, जहां आतंकवादी चैन की सांस ले सके।

02. केंद्र सरकार ने कहा – भारत जम्मू कश्मीर के मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। पाकिस्तान के साथ बातचीत सिर्फ पाक–अधिकृत जम्मू कश्मीर पर ही होगी।

03. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जम्मू में तैनात सीवान के बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर गांव निवासी भारतीय सेना के जवान रामबाबू सिंह शहीद।

04. और, ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आम लोगों को जानकारी देने के लिए आज से ग्यारह दिन का राष्ट्रव्यापी तिरंगा यात्रा शुरू।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।